प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लखनऊ में प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को किया संबोधित।
2. केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा– प्राकृतिक खेती करने के लिये पहले तीन वर्षो के लिये किसानों को सब्सिडी देगी सरकार।
3. प्रदेशभर में कल चलाया जायेगा वृहद पौधरोपण अभियान, 36 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री लखनऊ में पौधरोपण करके अभियान का करेंगे शुभारम्भ।

और

4. प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर खाने–पीने की दुकानों पर नेम प्लेट लगाना किया अनिवार्य।

——————————

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खेती में रासायनिक खाद का इस्तेमाल किए बिना भी उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। लखनऊ में प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार

प्राकृतिक खेती के लिए अखिल भारतीय स्तर पर जागरूकता अभियान शुरू करेगी। बाइट.....

*दुनिया में कोई काम ऐसा नहीं जो वो ना कर सके आपने ठान लिया तो ये होगा। यह हमारा भी शुरु से संकल्प और इसी संकल्प से कि प्राकृतिक खेती को समझा कनवेंस किया गया। एक व्यापक जागरूकता का अभियान किसानों के बीच जो सच्चाई है जो तथ्य है। वो सारे देश के किसानों के सामने रखने होंगे. हम कम से कम एक करोड़ किसानों तक जाए जिनको प्राकृतिक खेती की विशेषता है और आज की समस्याएं उससे अवगत कराएँगे। हम कोशिश करेंगे उनमें से कनवेंस होके कम से कम अठारह लाख किसान ऐसे मिले जो प्राकृतिक खेती करने का संकल्प ले।*

केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों से प्राकृतिक खेती शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि शुरुआती दो वर्षों में उत्पादन कम होगा इसलिए सरकार प्राकृतिक खेती करने के लिये पहले तीन वर्षों के लिए किसानों को सब्सिडी देगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान करेगी। किसानों को उनके उत्पादन का बेहतर दाम भी मिलेगा।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य उवरक मुक्त खेती पर ध्यान केंद्रित करना है, इससे न केवल खेती की लागत कम होगी बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होगी। श्री चौहान ने कहा कि प्राकृतिक खेती के महत्व को समझने का यह सही समय है। हमें ऐसे अनाज पैदा करने होंगे, जो लोगों के लिए ज्यादा स्वास्थ्यवर्धक विकल्प हों।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप हम प्राकृतिक खेती के सभी लक्ष्य हासिल करेंगे।

अपने संबोधन के दौरान गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती और जैविक खेती दो अलग–अलग चीजें हैं और इस अंतर को समझना जरूरी है. उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में पानी की कम आवश्यकता होती है और यह किसानों के लिए बहुत फायदेमंद है।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। श्री योगी ने इस बात पर जोर दिया कि हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाये रखना होगा।

बाइट.....

*प्रधानमंत्री मोदी जी ने आज से तीन वर्ष पहले प्राकृतिक खेती के लिए जिस एक अभियान को आगे किया था, आज उसके अच्छे परिणाम देखने को मिले है। बीज से लेकर बाजार तक इसकी प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में इसकी व्यापक संभावनाएं हैं लेकिन अब हमें आज की आवश्यकता के अनुरूप उस क्वालिटी पे भी ध्यान देना पड़ेगा जो हैपीनेस इंडेक्स को सही मायने में जमीनी धरातल पर उतार सके।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी छह कृषि विश्वविद्यालयों को सर्टिफिकेशन लैब को बेहतर बनाने के निर्देश दिये गये

हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

——————————

प्रदेशभर में कल वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा। इसके अन्तर्गत 36 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में कल अकबरनगर क्षेत्र में पौधरोपण करके पेड़ लगाओ–पेड़ बचाओ, जन अभियान 2024 का शुभारम्भ करेंगे। वहीं सभी प्रभारी मंत्री और जनप्रतिनिधि अपने–अपने जनपदों में वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अभियान में आमजन के साथ–साथ सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और अन्य संस्थाओं से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। पौधरोपण अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में 36 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लखनऊ मंडल में सबसे अधिक 4 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जायेंगे। प्रदेश के वन मंत्री अरूण सक्सेना लखनऊ में पौधरोपण अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित होंग। वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज–कौशाम्बी में तथा बृजेश पाठक उन्नाव–कानपुर देहात में, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही अयोध्या–देवरिया में पौधरोपण करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ पौधरोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसे जन

आन्दोलन बनाने के लिये कहा है। उन्होंने पौधों के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड़ करने की भी अपील की है।

——————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो– सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में एक छात्रा को गिरफ्तार किया है। रांची इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की 2023 बैच की एम बी बी एस छात्रा सुरभी कुमारी को गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। झारखंड के रामगढ़ जिले की मूल निवासी सुरभी कुमारी ने कथित तौर पर पेपर लीक मामले के दोषियों के लिए नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र हल किए थे।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

जिंगल

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढकर चार हो गई। दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति ने लखनऊ अस्पताल में दम तोड दिया, जबकि एक अन्य का

शव पटरी से उतरे डिब्बे से आज बरामद किया गया। रेलव से मिली जानकारी के अनुसार डिब्रूगढ जाने वाली ट्रेन के 21 डिब्बे कल दोपहर पटरी से उतर गए थे जिससे 30 लोग घायल हो गए थे। लखनऊ, गुवाहटी रेलमार्ग को चालू करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस बीच इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों को दूसरे मार्गो से भेजा जा रहा है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली खाने–पीने की दुकानों पर नेम प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया है। नेम प्लेट में दुकान संचालक और उसके मालिक का नाम लिखा जायेगा। कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिये सरकार ने यह कदम उठाया है।

——————————

प्रदेश में विभिन्न जनपदों से होकर निकलने वाले कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया..........

*बाईस तारीख से सावन का महीना स्टार्ट हो रहा है। और अब धीरे धीरे कांवड चलने भी लगी है। सभी तैयारियां पूर्ण है। इस बार हमने सभी रोड की व्यवस्था, सभी जगह पेयजल, सभी जगह लाइट की पर्याप्त व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था और शिविरों के जो भी लगाएंगे आयोजक और शिविर जो लगाएंगे उनके साथ बैठक हम लोगों ने कर ली है। उन लोगों को इंनसट्रेक्सन दे दिए हैं। खाद्य सुरक्षा के लिए भी बोला गया है की जब भी शिविर लग जाए तो उनकी*

*भी प्रापरली खाने की क्वालिटी और सब देखें। और इसके अलावा सिक्योरिटी को देखते हुए सभी जगह पे जोन और सेक्टर में डिवाइट किया गया है। मजिस्ट्रेट और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है।*

बागपत में मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे और आईजी मेरठ नचिकेता झा ने आज कांवड़ मार्ग और पुरा महादेव मंदिर मार्ग पर मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कांवड़ियों की यात्रा को सरल और सुगम बनाने पर जोर देते हुए सड़क, सफाई, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा और प्रकाश की चाक चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

उधर, सहारनपुर में कांवड़ यात्रा के मद्‌देनजर स्टोन क्रेशरों से उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों का संचालन और आवागमन 20 जुलाई की मध्य रात्रि से 3 अगस्त तक प्रतिबंधित रहेगा।

——————————

22 जुलाई को सावन माह का पहला सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शिव मंदिरों में जोर–शोर से तैयारियां चल रही है। बाराबंकी स्थित प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा मंदिर में जलाभिषेक के लिये दूर–दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां सावन माह में लगने वाले मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये कड़े सुरक्षा प्रबंध किये गये हैं। क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि ड्रोन और सीसी टीवी कैमरे से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जायेगी। इसके अलावा दो प्लाटून पीएसी समेत पुलिस बल

तैनात रहेगा। 21 जुलाई से महादेवा मेले में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो जायेगा। इसके चलते लखनऊ, गोंडा, बहराइच हाई–वे पर रूट डायवर्जन रहेगा।

(समाप्त)